<u>संदेश</u>

श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के अवसर पर मैं उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

सिख समुदाय के नौवें गुरु, श्री तेग बहादुर जी ने मानवीय मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने जीवन की आहुति दी थी। शांति, क्षमा और सहनशीलता के गुणों से भरपूर गुरु तेगबहादुर जी ने लोगों को प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

आइए, इस अवसर पर, मानवता की गरिमा की रक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सम्मान करें और उनके जीवन-मूल्यों का अनुसरण करते हुए समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए कार्य करने का संकल्प लें।

****